प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
05.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और नागरिकों की उभरती आवश्यकताओं के दृष्टिगत शहरी विकास की नई समावेशी और टिकाऊ दिशा निर्धारित कर रही है। शिमला में आज स्वच्छ शहर समृद्ध शहर के तहत सिटीजन कनैक्ट प्रोग्राम के दूसरे चरण का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भरता के पथ पर अग्रसर हिमाचल प्रदेश निरंतर सकारात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने शहरी विकास विभाग की सराहना करते हुए कहा कि शहरी निकायों में एक ही पोर्टल पर सभी जन सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं और हिम सेवा सुविधा पोर्टल इस तरह की सेवाएं प्रदान करने वाला देश में सबसे अनूठा प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिमला सब्जी मंडी और हमीरपुर में आधुनिक शैली से शॉपिंग कम्पलैक्स बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री——

सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि भूस्थानिक सूचना प्रणाली तकनीक भविष्य के शहरी विकास का मजबूत आधार बन रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी लघु दुकानदार सुख कल्याण योजना का शुभारंभ भी किया। इस मौके पर लोकनिर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर युवाओं को अपमानित करने और उन्हें धोखा देने का आरोप लगाया है। नाहन में आज भाजपा युवा मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले युवाओं को पहली कैबिनेट में एक लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया था लेकिन तीन साल बाद भी बेरोजगार युवा खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। बिंदल ने राज्य सरकार की करीब एक लाख 50 हजार रिक्त पदों को समाप्त कर दिया और लगभग 10 हजार लोगों को नौकरी से बाहर कर दिया।

करूणामूलक नियुक्ति

प्रदेश सरकार ने विभिन्न विभागों में 9 सौ 80 प्रार्थियों को करूणामूलक आधार पर नियुक्तियां प्रदान की है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में ये जानकारी देते हुए बताया कि ये नियुक्तियां एक अक्तूबर से 31 दिसंबर 2025 तक दी गई विशेष छूट के दौरान प्रदान की गई। इनमें विभिन्न विभागों में तीन सौ 66 तृतीय श्रेणी और 6 सौ 14 चतुर्थ श्रेणी के शामिल है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास में योगदान

देने वाले कर्मचारियों के कल्याण और उनके परिवारों के आत्मसम्मान की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

खनन निगरानी

सोलन जिले में अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खनन विभाग ने हाईटेक तकनीक अपनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। अब जिले की नदियों और दुर्गम क्षेत्रों में अवैध खनन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए नाइट विज़न से लैस ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा। सोलन जिला खनन अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि अवैध खनन को रोकने के लिए विभाग ने ड्रोन तकनीक का सफल ट्रायल किया है। इन ड्रोन की मदद से नदियों में रात के समय होने वाले अवैध खनन को भी दूर से ही चिन्हित किया जा सकेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संबंधित एजेंसियों के साथ आवश्यक औपचारिकताएं और एमओयू जल्द पूरे किए जाएंगे। इसके बाद ड्रोन को ट्रायल बेस पर सोलन जिले में तैनात कर दिया जाएगा।

————————————————————————————————